## सार-समाचार

### मोबाइल वैन सेवा शुभारम्भ

**कोटा,** (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कोटा में विद्यार्थियों के लिए एक अनूठी पहल की शुरुआत की है। लोकसभा अध्यक्ष ने गुरुवार को श्रीनाथपुरम स्थित लॉरेंस मेयो स्कूल से 'स्टूडेंट कनेक्ट प्रोग्राम' के तहत पासपोर्ट मोबाइल वैन सेवा का शुभारंभ किया, जिसके तहत विद्यार्थियों को स्कूल और कॉलेज में ही पासपोर्ट बनाने की सुविधा मिल सकेगी। इस पहल के माध्यम से शहर के प्रमुख शिक्षण संस्थानों में पंजीयन शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें विद्यार्थियों को पासपोर्ट के महत्व के बारे में जागरूक किया जाएगा। साथ ही, विद्यार्थियों के लिए पासपोर्ट आवेदन की प्रक्रिया को भी सरल और सुलभ बनाया जाएगा। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि हमारे देश की युवा शक्ति ही हमारे उज्जवल भविष्य का निर्धारण करेगी। हमारा कर्तव्य है कि हम विद्यार्थियों को हर संभव अवसर प्रदान करें। इस सुविधा से अब छात्र-छात्राएं पासपोर्ट बनाने के लिए पासपोर्ट कार्यालय जाने की बजाय अपने विद्यालय या कॉलेज में ही आवेदन कर सकेंगे, जिससे उनका समय बच सकेगा और उन्हें भविष्य में यात्रा, उच्च शिक्षा या रोजगार के लिए पासपोर्ट प्राप्त करने में कोई कठिनाई नहीं होगी। बिरला ने कहा पहले के मुकाबले पासपोर्ट बनाने के प्रक्रिया कई अधिक सरल हुई है। एक समय था जब अपॉइन्टमेंट के लिए इंतजार करना होता था, जयपुर जाना पड़ता था। कोटा में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय बनने के बाद महज एक वर्ष में रिकॉर्ड 1 लाख से अधिक पासपोर्ट जारी हुए हैं। इसका लाभ केवल कोटा-बून्दी और हाड़ौती को ही नहीं बल्कि आसपास के 12 जिलों के नागरिकों को मिल रहा हैं। विशेष मोबाइल वैन की गई तैयार- विद्यार्थियों की सहूलियत के लिए पासपोर्ट कार्यालय द्वारा एक विशेष मोबाईल वैन तैयार की गई है। इस वैन के माध्यम से विद्यार्थी आवेदन, बायोमैट्रिक और वेरीफिकेशन सहित अन्य सभी जरूरी प्रक्रियाओं को आसानी से पूरा कर सकेंगे। विद्यार्थियों को अब पासपोर्ट के लिए पासपोर्ट कार्यालय आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। पासपोर्ट कार्यालय द्वारा शहर के 20 प्रमुख शिक्षण संस्थानों को चिन्हित किया है, जहां शिविर आयोजित होंगे।

### मंत्री नागर के जन्मदिन पर स्वेटर बांटे

**कोटा,** (निसं)। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के जन्मदिवस पर भारतीय जनता पार्टी सांगोद देहात मंडल की ओर से आयोजित किए जा रहे सेवा सप्ताह के तहत् गुरुवार को स्वेटर वितरित किए गए। कार्यक्रम संयोजक हीरालाल यादव ने बताया कि राजकीय प्राथमिक विद्यालय हिंगी में विद्यालय के बच्चों को जर्सी का वितरण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा सांगोद देहात मंडल अध्यक्ष मुरारी मेहता रहे। इस दौरान नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष मुरारी मेहता के पंचायत में पहली बार आने पर जोगड़ा, हिंगी, जोगड़ी में स्वागत किया गया। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष कालूलाल मीणा, मंडल कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम नागर, मंडल महामंत्री प्रेम गौतम, मंडल उपाध्यक्ष रामावतार राठौर, मंडल मंत्री लक्ष्मीचंद मेहता, एसटी मोर्चा मंडल अध्यक्ष बृजबिहारी मीणा, जोगड़ा बूथ अध्यक्ष बृजेश मेहता, भाजपा नेता मुकुट मेहता, मथुरालाल मेहता, भेरूलाल मेहता, बूथ अध्यक्ष राजेंद्र नागर, जोगड़ा बूथ अध्यक्ष बृजेश मेहता, राजेंद्र नागर, शक्ति केंद्र संयोजक मांगीलाल गोचर, भाजपा नेता गोविंद पायवाल, भाजपा नेता मुकुट मेहता, मथुरालाल मेहता, भेरूलाल मेहता, गौरीशंकर नागर, रामनिवास मेघवाल, रामलाल, हरिराम, जगदीश, रामेश्वर, पप्पू मेहता, नरेंद्र, शिवराम, रामविलास, अंकुश मेहता सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### गलत फोटो अपलोड पर करेक्शन का मौका

**कोटा,** (निसं)। देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मेन जो कि 22 से 30 जनवरी के मध्य पूर्णत: कम्प्यूटर बेस्ड 11 शिफ्टों में देश-विदेश के 331 परीक्षा शहरों में होने जा रही है, जिसमें 22 से 29 जनवरी के मध्य 10 शिफ्टों में बीई-बीटेक एवं 30 जनवरी को एक शिफ्ट में बीआर्क की परीक्षा संपन्न होगी। विद्यार्थियों के एडवांस सिटी इंटीमेशन जारी कर दिए गए हैं, एवं एडमिट कार्ड परीक्षा से तीन दिन पूर्व जारी किए जाएंगे। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि एनटीए द्वारा जारी किए गए नोटिफिकेशन के अनुसार जिन विद्यार्थियों की अपलोड की गई फोटो में एनटीए द्वारा त्रुटि निकाली गई है, उन विद्यार्थियों को मोबाइल एसएमएस एवं रजिस्टर्ड ई-मेल द्वारा सूचित किया गया है। इन सभी विद्यार्थियों को निर्देशानुसार बताई गई फोटो को पुन: अपलोड करना होगा। एनटीए द्वारा फोटो के संबंध में समस्त दिशा निर्देश नोटिफिकेशन में जारी कर दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष जेईई-मेन के इतिहास में सर्वाधिक 13 लाख 95 हजार विद्यार्थियों ने आवेदन किए हैं। विद्यार्थियों को दुबारा फोटो अपलोड करने का समय 17 जनवरी, शुक्रवार रात 11:50 तक दिया गया है।

### कार्यशाला का आयोजन

**कोटा,** (निसं)। जवाहरलाल नेहरू टीचर ट्रेनिंग कॉलेज लखावा, कोटा में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के प्रथम चरण में असिस्टेंट प्रोफेसर प्रतिमा सिंह द्वारा एम.एड. प्रशिक्षणार्थियों को भारतीय ज्ञान परंपरा को मानसिक स्वास्थ्य से जोड़ते हुए वर्तमान की ज्वलंत समस्या तनाव को प्राचीन ज्ञान से मुक्त करना बताया तत्पश्यात एम.एड.प्रशिक्षणार्थियों ने भारतीय ज्ञान में आयुर्वेद के नुस्के तथा गीता के महत्त्व को बताया। कार्यशाला के अगले चरण में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.नुपूर अग्रवाल द्वारा एम. एड. प्रशिक्षणार्थियों को मनोवैज्ञानिक प्रयोग के अंतर्गत द्विपक्षीय रूप से अधिगम स्थानांतरण करना सिखाया। उन्होंने बताया कि हम आंख, हाथ व मस्तिष्क के समन्वय से अधिगम का स्थानांतरण कर सकते हैं। कार्यशाला के अंत में प्राचार्य प्रोफ़ेसर सुषमा सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

### व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित

**कोटा,** (निसं)। राजकीय महाविद्यालय कोटा के रामानुजन हॉल में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उच्च शिक्षा राजस्थान कोटा के विभाग की ओर से 'कर्तव्य बोध दिवस' के अंतर्गत व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें मुख्यवक्ता के रूप में डॉ.एम.एल.गुप्ता सेवा निवृत्त (उपाचार्य) तथा विशिष्ट अतिथि सहायक निदेशक कॉलेज शिक्षा प्रो.गीताराम शर्मा रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मंचस्थ अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानन्द एवं सुभाषचन्द्र बोस की तस्वीर पर माल्यांपर्ण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सर्वप्रथम मुख्य वक्ता डॉ.एम.एल. गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि कर्तव्यबोध के लिए हमें आत्मबोध होना आवश्यक है। आत्मबोध अध्यात्म में विश्वास के बिना संभव नहीं है। आत्मबोध से ही कर्त्तव्य की भावना जाग्रत होती है। उन्होंने कहा कि हमारे अंदर सत्य और ज्ञान का समुद्र लहरा रहा है उसे पहचानना जरूरी है। आज पूरे संसार में भौतिकतावाद का बोलबाला है मन को उससे हटाकर स्वाध्याय में लगाना होगा। आज कर्म सौंदर्यबोध जाग्रत करने की आवश्यकता है। कर्म में ही आनन्द है। हितकारी सहकारी महिला शिक्षा महाविद्यालय में नेक टीम विजिट संपन्न

### नैक मूल्यांकन सफलतापूर्वक संपन्न

**कोटा,** (निसं)। हितकारी सहकारी महिला शिक्षा महाविद्यालय में दो दिवसीय निरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत नेक (एनएएसी) टीम ने महाविद्यालय का अवलोकन गुरूवार को सम्पन्न हुआ।इस निरीक्षण में नेक पीयर टीम की चेयरपर्सन डॉ.सरोज यादव, मेंबर कोऑर्डिनेटर डॉ.राजश्री वैष्णव और सदस्य डॉ. बाहेंगबम ज्योतिरमोय सिंह शामिल थे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मधु कुमार भारद्वाज, कॉ-ऑर्डिनेटर डॉ.नीतू शर्मा, सब-कोऑर्डिनेटर मीनाक्षी शर्मा, समस्त स्टाफ नेक टीम का भव्य स्वागत किया। नेक टीम ने महाविद्यालय की गतिविधियों की सराहना करते हुए भविष्य के विकास के लिए उपयोगी सुझाव दिए। पहले दिन प्रिंसिपल प्रेजेंटेशन, इंटर्नल क्वालिटी एश्योरेंस कोऑर्डिनेटर प्रेजेंटेशन और विभागीय प्रस्तुतियां हुईं। इस दौरान महाविद्यालय की प्रबंधन समिति की अध्यक्ष सूरज बिरला और अधिशासी निदेशक राजेश कृष्ण बिरला से नेक टीम ने मुलाकात की। नेक टीम ने महाविद्यालय की बिल्डिंग, कार्यालय, पुस्तकालय, प्रयोगशालाएं और खेल मैदान का निरीक्षण किया। उन्होंने पूर्व छात्राओं, अभिभावकों और वर्तमान छात्राओं से बातचीत कर महाविद्यालय के शैक्षिक और सहशैक्षिक कार्यों की जानकारी प्राप्त की। दूसरे दिन नेक टीम ने इंटर्नशिप कर रही छात्राओं का विद्यालयों में जाकर निरीक्षण किया। साथ ही शैक्षिक, सहशैक्षिक कार्यों, विभागीय अभिलेखों, वित्तीय दस्तावेजों और विभिन्न समितियों द्वारा किए गए कार्यों का मूल्यांकन किया।

### जरूरतमंदों को स्वेटर किये वितरित

**कोटा,** (निसं)। ठिठुरती सर्दी से राहत देने के लिए लायंस क्लब कोटा सेंट्रल द्वारा विवेकानंद नगर में डी मार्ट रोड पर रहने वाले बस्ती के जरूरतमंद लोगों को जैकेट और स्वेटर वितरित किये गये अध्यक्ष मधु ललित बाहेती ने बताया कि क्लब सदस्य लायन भगवती सेठिया के सौजन्य से 50 जरूरतमंद व्यक्तियों को नई जैकेट्स एवं स्वेटर वितरित किये ताकि इस कड़ाके की ठिठुरती सर्दी में वे अपना बचाव कर सकें।

# 'बच्चों को खेलों के प्रति प्रोत्साहन दें अभिभावक, हर प्रतिभा को निखारेंगे'

**कोटा,** (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को शहर के खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को खेल सुविधाएं की सौगात दीं। उन्होंने यहां गुमानपुरा स्थित मल्टीपरपज स्कूल में 1.25 करोड़ की लागत से नवनिर्मित फुटबॉल ग्राउंड, बास्केटबॉल और वॉलीबॉल ट्रेक सहित अन्य सुविधाओं का लोकार्पण किया।

बिरला ने कहा कि ये सुविधाएं हमारे युवाओं को अपने कौशल को निखारने और राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने का सशक्त मंच प्रदान करेंगी। बिरला ने कहा कि मल्टीपरपज विद्यालय से मेरा व्यक्तिगत जुड़ाव इस विद्यालय से रहा है। यहां से निकल हजारों विद्यार्थी आज कई क्षेत्र में नेतृत्व कर रहे हैं। मेरा हर अभिभावक को आग्रह करता हूँ कि वे बच्चों को प्रोत्साहित करें, ताकि वे खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अपनी क्षमताओं का सर्वोत्तम प्रदर्शन कर सकें। हम हर खेल प्रतिभा को निखारने के लिए कोटा में विश्वस्तरीय खेलसुविधाएं विकसित करेंगे। बिरला ने कहा कि भारत आज खेलों में तेजी से प्रगति कर रहा है। ओलंपिक से लेकर एशियन गेम्स तक, हमारे खिलाड़ियों ने अद्भुत प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन किया है। मेरा सपना है कि हाड़ौती के युवा में भी खेलों में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर पदक प्राप्त करें। कोटा और बून्दी में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स की सुविधा खिलाड़ियों को मिल रही है। चार बड़ी तहसीलों में इंडोर स्टेडियम निर्माणाधीनहै, हर तहसील पर यह सुविधाएं खिलाड़ियों को देंगे, ताकि गांव-ढाणी के प्रतिभाशाली खिलाड़ी खेलों में आगे बढ़ सकें। विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि स्पीकर बिरला ने 10 वर्ष पहले कोटा में स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने का सपना देखा था। मुझे खुशी है आज हम इस लक्ष्य को पूरा कर रहे हैं। पिछले वर्ष श्रीनाथपुरम में सिंथेटिक ट्रेक का निर्माण हुआ है, बाकी कोर्ट्स को भी सिंथेटिक बनाया जा रहा है। जब एक खिलाड़ी अपनी मेहनत और समर्पण से विजय प्राप्त करता है, तो वह केवल व्यक्तिगत उपलब्धि अर्जित नहीं करता बल्कि समाज और देश को गौरवान्वित करता है। आज ऐसी खेल सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेंगी। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन, महापौर राजीव अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी, पार्षद नरेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

■ मल्टीपरपज स्कूल में फुटबॉल ग्राउंड बास्केटबॉल और वॉलीबॉल ट्रेक का हुआ लोकार्पण



मल्टीपरपज स्कूल में फुटबॉल ग्राउंड बास्केटबॉल और वॉलीबॉल ट्रेक का लोकार्पण किया।

# जोशी की तिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित

**कोटा,** (निसं)। वैद्य श्री दाऊदयाल जोशी स्मृति संस्थान की ओर से गुरुवार को सीएडी स्थित वैद्य दाऊदयाल जोशी पार्क में उनकी 27वीं पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि सभा आयोजित की गई। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने भी स्वर्गीय दाऊदयाल जोशी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान आयोजित रक्तदान शिविर में 21 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए बिरला ने कहा कि दाऊजी का सम्पूर्ण जीवन समाज सेवा, समर्पण और सादगी का प्रतीक रहा। उनकी कार्यशैली, विचार-दर्शन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। वार्ड पंच से लेकर सर्वोच्च सदन तक उनकी यात्रा एक अनुपम उदाहरण है। बिरला ने कहा कि दाऊदयाल जोशी बिना किसी अपेक्षा और महत्वाकांक्षा के समाज के लिए संघर्ष करते रहे।


**आम सूचना**

दि. 31.12.2024

सर्वसाधारण सूचित हों कि मेरे पक्षकार प्रेम कुमार भाभा पुत्र श्री किशन लाल जी जाति पंजाबी निवासी मकान नम्बर 1-ड-8, विज्ञान नगर, कोटा द्वारा खरीदशुदा मकान नम्बर 4-प-32 पैमाईश 92.50 वर्गमीटर यानि 984.5 वर्गफुट वाके विज्ञान नगर, कोटा, राजस्थान में स्थित है। उक्त मकान हाऊसिंग बोर्ड कोटा में रीझूमल पुत्र श्री हासानन्द के नाम परिपिच्युल डीड व कन्वेयेन्स डीड का पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय कोटा में दिनांक 28.09.1991 को हो रहा है। उक्त मकान को मेरे पक्षकार पारिवारिक आवश्यकता के कारण बेचान करना चाहते हैं। उक्त मकान बाबत किसी व्यक्ति, संस्था को आपत्ति हो तो अन्दर 7 दिन में मुझ से अथवा मेरे पक्षकार से सम्पर्क करें अन्यथा कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**घनश्याम नागर (एडवोकेट)**
121-A, श्रीनाथपुरम्, कोटा मो.9829189956



**कार्यालय विद्युत नगर निगम कोटा उत्तर (राज0)**

क्रमांक:-ननिको उ./वि0/2025/820-825 दिनांक 13.01.2025

**-: ई - निविदा सूचना :-**

नगर निगम, कोटा उत्तर द्वारा किसी भी सरकारी/अर्द्धसरकारी विभागों में निम्न कार्य को करनें वाले अनुभवी संवेदको से ई-निविदा पद्धती से ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित राशि, निविदा बेचे जाने, प्राप्त करने, अन्य शर्ते एवं जानकारी निगम वेबसाईट www.kotamc.org, www.sppp.rajasthan.gov.in & https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।
(अनुमानित राशि 43.10 लाख रूपये)
NIB Code – DLB2425A4916
UBN – DLB2425WSRC14970

अधिशाषी अभियंता (वि0)
नगर निगम कोटा उत्तर

राज.संवाद/सी/24/10388



**कार्यालय नगर निगम, कोटा-उत्तर**

क्रमांक:-ननिको(उ.)/जनस्वा0/2025/11998-12008 दिनांक :- 07.01.2025

**आदेश**


राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 270 तथा पशुवध गृह संचालन उपनियम के अन्तर्गत निम्न दिवस में पशुवध निषेध रहेगा।

| क्रं सं. | राजकीय अवकाश | दिनांक | वार |
|---|---|---|---|
| 1 | गणत्रंत दिवस | 26.01.2025 | रविवार |
| 2 | शहीद दिवस | 30.01.2025 | गुरूवार |
| 3 | महाशिवरात्री | 26.02.2025 | बुधवार |
| 4 | रामनवमी | 06.04.2025 | रविवार |
| 5 | श्री महावीर जंयती | 10.04.2025 | गुरूवार |
| 6 | बुध पुर्णिमा | 12.05.2025 | सोमवार |
| 7 | स्वतंत्रता दिवस | 15.08.2025 | शुक्रवार |
| 8 | जन्माअष्टमी | 16.08.2025 | शनिवार |
| 9 | गणेश चतुर्थी | 27.08.2025 | बुधवार |
| 10 | संवतसरी | 28.08.2025 | गुरूवार |
| 11 | अनन्त चर्तुदर्शी | 06.09.2025 | शनिवार |
| 12 | महात्मा गांधी जयन्ती | 02.10.2025 | गुरूवार |
| 13 | दिपावली | 20.10.2025 | सोमवार |
| 14 | गोर्वधन पूजा | 22.10.2025 | बुधवार |
| 15 | देव प्रबोधनी एकादशी | 02.11.2025 | रविवार |
| 16 | कार्तिक पुर्णिमा | 04.12.2025 | गुरूवार |

उपरोक्त दिवस पर पशुवध निषेध रहने के फलस्वरूप कोटा शहर में मांस की दुकानें बंद रखी जायेगी। नगर निगम कोटा उत्तर के मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/समस्त स्वास्थ्य निरीक्षक को आदेशित किया जाता है कि वो अपने-अपने क्षैत्र की समस्त प्रकार की मीट/मांस/मछली की दुकाने बंद रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा सभी मीट विक्रेताओं को अवगत् कराये कि प्रतिबंधित दिवस पर मीट का विक्रय किया गया तो नगर पालिका अधिनियम 2009 के तहत कानूनी कार्यवाही की जावेगी। यदि उक्त दिवस को किसी क्षेत्र की मीट की दुकान खुली पायी गई तो सबंधित मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/स्वास्थ्य निरीक्षक के विरूद्व कठोर कार्यवाही की जावेगी।

राज.संवाद/सी/24/10431 अति० आयुक्त


# 'जो परिवाद तुरंत निस्तारित किए जा सकते हैं उनमें देरी नहीं हो'


कोटा जिला कलेक्टर ने जनसुनवाई में परिवाद सुनकर समाधान के निर्देश दिए।

**कोटा,** (निसं)। जिला कलक्टर डॉ.गोस्वामी ने सभी विभागों को निर्देश दिये हैं कि जो परिवाद एक दिन में निस्तारित किए जा सकते हैं, उनका तुरंत समाधान किया जाए। साथ ही, न्यायालय के आदेश या नियमों के कारण लंबित परिवादों की जानकारी परिवादियों को लिखित में दी जाए। उन्होंने एक सप्ताह में निस्तारण योग्य मामलों का समाधान तय समय में करने के निर्देश दिए।

डॉ.गोस्वामी गुरुवार को कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय जनसुनवाई कर रहे थे। जनसुनवाई में कुल 142 परिवाद प्राप्त हुए। कलक्टर ने निर्देश दिये कि जनसुनवाई के दौरान ही अधिकतर समस्याओं के बारे में डिटेल पताकर उसका समाधान किया जाए, ताकि परिवादियों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। कलक्टर ने अतिक्रमण से संबंधित शिकायतों पर केडीए और नगर निगम को निर्देश दिए कि मौके पर टीम भेजकर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने शहर के श्रीनाथपुरम क्षेत्र में अवैध स्पीड ब्रेकर और रोड कट से जुड़े मामलों में सड़क सुरक्षा टीम एवं केडीए को मौके पर जाकर जांच करने और मानकों के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। दुर्घटना बीमा से संबंधित मामले में कलक्टर ने कोषाधिकारी को निर्देश दिए कि परिवादी को जल्द से जल्द बीमा राशि प्रदान की जाएं। डॉ.गोस्वामी ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे प्रत्येक परिवाद को संवेदनशीलता के साथ सुनें और परिवादियों को निस्तारण की लिखित में जानकारी प्रदान करें। जनसुनवाई में अतिक्रमण, पेंशन, बिजली और पानी जैसे विषयों पर अधिक शिकायतें आईं। जनसुनवाई में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन मुकेश चौधरी, नगर निगम उत्तर आयुक्त अशोक त्यागी, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल सिंह, केडीए में विशेषाधिकारी भूमि अवाप्ति मालविका त्यागी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जगदीश सोनी, और न्यू मेडिकल कॉलेज के अतिरिक्त प्रधानाचार्य नवनीत पाराशर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

■ जिला कलक्टर की जनसुनवाई में आए 142 परिवाद

## सोगरिया से महाकुम्भ स्पेशल ट्रेन जाएगीं

**कोटा,** (निसं)। महाकुम्भ मेला के अवसर पर अतिरिक्त यात्री भीड़ को क्लीयर करने के उद्देश्य से रेल प्रशासन द्वारा गाड़ी संख्या 09801/09802 सोगरिया-बनारस-सोगरिया के मध्य 07-07 ट्रिप स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। यह गाड़ी सप्ताह में दो दिन चलेगी। पहली ट्रिप महाकुम्भ स्पेशल 17 जनवरी को सोगरिया से प्रस्थान करेगी। इस गाड़ी में 5 स्लीपर, 4 थर्ड एसी, 7 थर्ड एसी इकोनामी, 2 सेकेंड एसी, 2 सामान्य श्रेणी कोच, 1 एसएलआर एवं 1 जनरेटर कार सहित कुल 22 कोच होंगें। गाड़ी संख्या 09801/09802 सोगरिया-बनारस-सोगरिया के मध्य स्पेशल ट्रेन सोगरिया से मंगलवार एवं शुक्रवार को 17, 21, 24 जनवरी, 07, 14, 18 एवं 21 फरवरी, 2025 को तथा बनारस से बुधवार एवं शनिवार 18, 22, 25 जनवरी, 08, 15, 19, एवं 22 फरवरी, 2025 को चलेगी। गाड़ी सं 09801 सोगरिया से बनारस के लिए प्रस्थान अपने प्रारम्भिक स्टेशन से सुबह 08.15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 10.15 बजे बनारस पहुँचेगी और वापसी गाड़ी संख्या 09802 बनारस से सोगरिया के लिए प्रस्थान अपने प्रारम्भिक स्टेशन से दोपहर 14.45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 15.45 बजे सोगरिया पहुँचेगी।गाड़ी के हॉल्ट- यह गाड़ी दोनों दिशाओं में सोगरिया से बनारस के बीच अन्ता, बारां, अटरू, छबरा गुगोर, रूठियाई, गुना, अशोक नगर, मूंगावली, मालखेड़ी, खुरई, नरयावली, सागर, गिरवर, गणेशगंज, पथरिया, दमोह, रीठी, कटनी, झुकेही, मैहर, सतना, जैतवार, मझगवां, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर एवं चुनार स्टेशनों पर रुकेगी।


**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक-एफ11/विक्रय/2024-25/587 दिनांक 16.1.2025

**नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना**

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा आवास संख्या 200 विवेकानन्द नगर आवासीय योजना में हस्तान्तरण पत्र क्रमांक 2898 दिनांक 24.04.2017 को श्री राजकुमार गुप्ता पुत्र श्री बंगाली बाबू गुप्ता के नाम हस्तान्तरण किया गया था। श्री राजकुमार गुप्ता पुत्र श्री बंगाली बाबू गुप्ता द्वारा उक्त आवास का जर्ये मुख्तारआम श्री सुखराज सिंह सन्धु पुत्र श्री हरपाल सिंह द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 16.07.2024 को श्री राकेश कुमार भाटिया पुत्र श्री सुरेन्द्र कुमार भाटिया को विक्रय कर दिया गया है। अत: श्री राकेश कुमार भाटिया पुत्र श्री सुरेन्द्र कुमार भाटिया द्वारा उक्त आवास का स्वामित्व अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास संख्या 200 विवेकानन्द नगर आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण श्री राकेश कुमार भाटिया पुत्र श्री सुरेन्द्र कुमार भाटिया के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उप सचिव, कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा



**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक-1814 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांक 9.1.2025

नगर विकास न्यास कोटा की मोहनलाल सुखाडिया आवासीय भूखण्ड योजना के भूखण्ड/आवास संख्या A-40 का आवंटन/हस्तान्तरण/रजि. न्यास के पत्र दिनांक 19.09.2011 को श्री मंगल खींची पुत्र श्री पदम सिंह खींची को आवंटन किया गया था। आवंटी द्वारा उक्त भूखण्ड/आवास का जर्ये मुख्तारआम श्री विनित कुमार पुत्र श्री धीरी सिंह द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 09.05.2023 को श्री शुक्तिज शर्मा पुत्र श्री वीपी शर्मा को विक्रय कर दिया गया है। क्रेता द्वारा उक्त भूखण्ड/आवास का अपने नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद् गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या A-40 योजना मोहनलाल सुखाडिया आवासीय भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण श्री शुक्तिज शर्मा पुत्र श्री वीपी शर्मा के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उप सचिव, कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा



**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक-1816 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांक 9.1.2025

नगर विकास न्यास कोटा की विनोबा भावे नगर योजना के भूखण्ड/आवास संख्या 211 कार्नर का आवंटन/हस्तान्तरण/रजि. न्यास के पत्र दिनांक 05.02.2004 को श्री रमेंश चन्द गुप्ता पुत्र श्री मांगीलाल गुप्ता को किया गया था। आवंटी द्वारा उक्त भूखण्ड/आवास का जर्ये मुख्तारआम श्री महेन्द्र जैन पुत्र श्री रतनलाल जैन द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 13.12.2024 को श्री पवन नागर पुत्र श्री नन्दकिशोर नागर को विक्रय कर दिया गया है। क्रेता द्वारा उक्त भूखण्ड/आवास का अपने नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 211 कार्नर योजना विनोबा भावे नगर का नाम हस्तान्तरण श्री पवन नागर पुत्र श्री नन्दकिशोर नागर के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उप सचिव, कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा


# ब्राह्मण समाज ने उठाई मनीष मीणा हत्याकांड में न्याय की मांग

**बूंदी,** (निसं)। शिक्षक मनीष मीणा हत्याकांड में पीड़ित परिवार को न्याय दिलवाने की मांग को लेकर मीणा समाज की ओर से सर्व समाज के सहयोग से जिला कलेक्ट्रेट पर दिये जा रहे धरने के पर गुरुवार को ब्राह्मण समाज के युवाओं ने पीड़ित परिवार को न्याय देने की मांग उठाई। गुरुवार को सर्व ब्राह्मण महासभा युवा शाखा की ओर से धरने को समर्थन दिया गया और ब्राह्मण युवाओं ने मनीष मीणा के परिवार को नए दिलाने की मांग को लेकर धरना दिया।मीणा समाज के संरक्षक आंनदीलाल मीणा ने कहा कि धरने में सर्व समाज से सहयोग का आव्हान किया।

■ ब्राह्मण युवाओ ने दिया मीणा समाज के धरने को समर्थन



ब्राह्मण समाज के युवाओं ने पीड़ित परिवार को न्याय देने की मांग उठाई।

ब्राह्मण महासभा युवा शाखा शहर अध्यक्ष पीयूष शर्मा गुल्लू व जिला महामंत्री विकास सनाढ्य ने बताया कि धरने पर ब्राह्मण समाज की ओर से सर्व ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष मिथिलेश दाधीच, राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा,भाजपा नेता रूपेश शर्मा, भाजपा नेता भरत शर्मा,भाजपा नेता गौरव शर्मा,हिंडोली पूर्व ब्लॉक कांठोस अध्यक्ष एडवोकेट दिनेश शर्मा,पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजीव लोचन गौतम,पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष लोकेश शर्मा,पार्षद संदीप देवगन,शहर महामंत्री केशव त्रिवेदी,स्वप्नेश शर्मा, मोनू शर्मा, छात्र नेता अक्षत शर्मा छात्र नेता प्रिंस शर्मा, कुलदीप गौतम नागेश्वर तिवारी, लखन गौतम, गोविंद दाधीच, शिवम् तिवारी, आयुष शर्मा, उमाकांत शर्मा, हरिओम शर्मा, हरीश श्रृंगी,आशुतोष सनाढ्य, भरत दाधीच, अनिल तिवारी, सान्निध्य शर्मा,उदित शर्मा आदि मौजूद रहे।नियमित धरने पर मीणा समाज के संरक्षक आंनदीलाल मीणा,एडवोकेट हेमराज मीणा,सरपंच सुरेश मीणा,युवा नेता देवराज मीणा,मृतक मनीष के पिता राम लक्ष्मण मीणा उपसरपंच मदनलाल गुर्जर,मधु मीणा, छोटूलाल मीणा बृजमोहन सैनी,प्रेमशंकर बैरवा आदि सम्मिलित हुये।

धरने पर सर्व ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष मिथलेश दाधीच ने कहा कि मनीष मीणा की पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय मिलना चाहिये।

इस अवसर पर राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा ने कहा कि 9 दिन धरने के बाद भी कार्यवाही नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है भाजपा नेता रुपेश शर्मा ने कहा कि उन्होंने आपदा राहत मंत्री किरोड़ीलाल मीणा को सारे मामले से अवगत करवाया है।भाजपा नेता भरत शर्मा ने कहा कि हत्याकांड के आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिये।


**कार्यालय नगर पालिका रावतभाटा, जिला -चित्तौड़गढ़ (राज.)**

क्रमांक/नपारा/भूमि/2024-25/5022 दिनांक:-15.01.25

**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदनकर्ता श्री मयंक कुमार पिता श्री प्रकाश चन्द्र निवासी रावतभाटा द्वारा इस कार्यालय में आवेदन पत्र मय शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगर पालिका रावतभाटा के नियमनशुद्धा आवासीय भूखंड संख्या 722 गैर योजना क्षेत्र पुलिस थाने के पास इन्द्रा कालोनी रावतभाटा जिसका आवासीय निर्मित क्षेत्रफल 1025 वर्गफीट अर्थात 95.222 वर्गमीटर के स्वामित्व संबंधी एवं अन्य वांछित दस्तावेजों की प्रतियों के साथ इस नियमनशुद्धा निर्मित भूखंड पर प्रथम तल की आवासीय भवन निर्माण स्वीकृति व नक्शानुमोदन हेतु आवेदन मय प्रस्तावित भवन निर्माण के नक्शों की प्रतियों सहित प्रभावी मॉडल राजस्थान भवन विनियम 2020 के प्रावधानों के तहत निर्माण स्वीकृति एवं नक्शानुमोदन बाबत प्रस्तुत किया है।

अत: उपरोक्त प्राप्त आवेदन से संबंधित प्रस्तावित कार्यवाही को पालिका द्वारा आवेदक के पक्ष में निष्पादित किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति/फर्म/विभाग/संस्था को उक्त कार्यवाही पर कोई उजर या आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर इस कार्यालय में मय साक्ष्य/सबूत के प्रस्तुत कर सकते है, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात कोई भी उजरदारी या आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित रहे।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका रावतभाटा



राजस्थान सरकार

**कार्यालय ग्राम पंचायत लटुरी, पंचायत समिति सांगोद जिला कोटा**

क्रमांक:-2024-25/spl **प्रेस विज्ञप्ति** दिनांक:-11.01.2025

ग्राम पंचायत लटुरी की चारागाह भूमि के जंगली बबूल/कंटीली झाड़िया कटवाने व चारागाह भूमि के समतलीकरण हेतु निम्न विज्ञप्ति जारी की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा कॉपी ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर जमा करवाने की दिनांक | निविदा बोली की दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत की चारागाह भूमि पर चारागाह विकास हेतु व निजी आय के उद्देश्य से जंगली बबूल/कंटीली झाड़ियों को कटवाकर चारागाह भूमि को समतलीकरण करने का कार्य | दिनांक 12.01.2025 प्रात: 10 बजे से 15.01.2025 सायं 05 बजे तक | 16.01.25 को प्रात: 10 बजे से कार्यालय समय में 18.01.25 सायं 05 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में |

निविदा की शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत लटुरी पंचायत
समिति सांगोद जिला कोटा

सरपंच
ग्राम पंचायत लटुरी पंचायत
समिति सांगोद जिला कोटा